गोवा का मुक्ति संग्राम

प्रिलिम्स के लिये:

गोवा का मुक्ति संघर्ष, उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो), ऑपरेशन विजय।

मेन्स के लिये:

स्वतंत्रता के बाद भारत का एकीकरण, गोवा के स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास।

चर्चा में क्यों?

हाल ही में गोवा के चुनाव में राजनीतिक अभियान के दौरान गोवा की मुक्ति एक विवादास्पद विषय बन गया।

- 1947 में भारत को स्वतंत्रता प्राप्त होने के 15 वर्ष बाद वर्ष 1962 में गोवा को पुर्तगाली शासन से मुक्त कराया गया था। 1947 के तुरंत बाद गोवा के स्वतंत्र नहीं होने के कई जटिल कारक हैं।
- गोवा को 19 दिसंबर, 1961 (गोवा का राज्य दिवस) को तीव्र भारतीय सैन्य कार्रवाई द्वारा मुक्त कराया गया था जो दो दिनों से भी कम समय तक चली थी।

//

गोवा के भारतीय संघ में एकीकरण की समय रेखा:

- वर्ष 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद भारत और पुर्तगाल के बीच संबंध सौहार्दपूर्ण ढंग से शुरू हुए तथा वर्ष 1949 में राजनयिक संबंध स्थापित हुए।
- हालाँकि भारत के पश्चिमी तट पर गोवा, दमन और दीव, दादरा एवं नगर हवेली के अपने परिक्षेत्रों के आत्मसमर्पण करने से पुर्तगाल के इनकार के बाद वर्ष 1950 में द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट आई।
    - दमन और दीव, दादरा एवं नगर हवेली को वर्ष 1961 में भारतीय मुख्य भूमि के साथ मिला लिया गया।
- पुर्तगाल ने वर्ष 1951 में गोवा को एक औपनिवेशिक अधिकार क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि एक विदेशी प्रांत के रूप में दावा करने के लिये अपने संविधान में परिवर्तन कर दिया।
    - इस कदम का उद्देश्य स्पष्ट रूप से गोवा को नवगठित [उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो)]() सैन्य गठबंधन का हिस्सा बनाना था।
    - इसका उद्देश्य भारत द्वारा हमले की स्थिति में संधि के सामूहिक सुरक्षा खंड को लागू करना था।
- वर्ष 1955 तक दोनों राष्ट्रों के राजनयिक संबंधों पर संकट छाया रहा, जिससे संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई और इसने भारतीय सैन्य बलों द्वारा गोवा की मुक्ति की शुरुआत की एवं वर्ष 1961 में भारतीय परिक्षेत्रों पर पुर्तगाली शासन को समाप्त कर दिया।
- वर्ष 1961 में पुर्तगालियों के साथ राजनयिक प्रयासों की विफलता के बाद भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन विजय चलाकर 19 दिसंबर को दमन और दीव तथा गोवा को भारतीय मुख्य भूमि के साथ मिला लिया गया।
- इसने गोवा में पुर्तगाली विदेशी प्रांतीय शासन के 451 वर्षों का अंत कर दिया।

गोवा के स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास:

- वर्ष 1510 में गोवा एक पुर्तगाली उपनिवेश बन गया, जब एडमरिल 'अल्फांसो द अल्बुकर्क' ने जयिापुर के सुल्तान युसूफ आदलि शाह की सेना को हराया।
- बीसवीं सदी के अंत तक गोवा में पुर्तगाल के औपनविेशकि शासन के वरिोध में राष्ट्रवादी भावना का उद्गम शुरू हो गया था, जो कि शेष भारत में ब्रटिशि वरिोधी राष्ट्रवादी आंदोलन के अनुरूप था।
- वर्ष 1946 में समाजवादी नेता राम मनोहर लोहयिा ने गोवा में एक ऐतहािसकि रैली का नेतृत्व कयिा जसिमें नागरकि स्वतंत्रता और भारत के साथ अंतमि एकीकरण का आह्वान कयिा गया, यह गोवा के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्त्वपूर्ण क्षण बन गया।
- तत्कालीन **आज़ाद गोमांतक दल (AGD)** ने अनुसार, शांतपिूर्ण तरीकों से नागरकि स्वतंत्रता नहीं प्राप्त की जा सकती और इसके लयिे आक्रामक सशस्त्र संघर्ष की आवश्यकता थी।
- जैसे-जैसे भारत स्वतंत्रता की ओर बढ़ा, यह स्पष्ट हो गया था कि गोवा जल्द ही मुक्त नहीं होगा, क्योंकि कई तरह के जटलि कारक थे:
  - वभिाजन का आघात।
  - पाकस्तिान के साथ युद्ध का अनुभव।
  - भारत खुद को एक शांतपि्रयि राष्ट्र के रूप में प्रदर्शति करना चाहता था।
  - पुर्तगाल के नाटो का सदस्य होने के नाते।
- इन कारकों ने भारत सरकार को एक और मोर्चा खोलने से रोक दयिा जसिमें अंतर्राष्ट्रीय समुदाय शामलि हो सके।
- इसके अलावा **महात्मा गांधी** की राय थी कि लोगों की चेतना को जागृत करने के लयिे गोवा में अभी भी बहुत अधकि ज़मीनी कार्य करने की आवश्यकता है और यहाँ उभर रही ववििध राजनीतकि आवाज़ों को पहले एक प्रमुख नेतृत्त्वकर्त्ता के अंतर्गत लाया जाना चाहयिे।
- गोवा में स्वतंत्रता के लयिे लड़ने वाले समूहों (सत्याग्रह बनाम सैन्य कार्रवाई) के भीतर द्वंद्व के कारण भी गोवा की मुक्ति में देरी हुई।
  - सत्याग्रह के वचिार ने सत्य की शक्ति और सत्य की खोज की आवश्यकता पर बल दयिा।
  - इनका मानना था कि यदि कारण सही हो और संघर्ष अन्याय के खलिाफ हो तो उत्पीड़क से लड़ने के लयिे शारीरकि बल की आवश्यकता नहीं होती है।

गोवा:

- **अवस्थति:** गोवा, भारत के दक्षणि-पश्चमिी तट पर कोंकण क्षेत्र में स्थति है और भौगोलकि रूप से दक्कन उच्च भूमि से पश्चमिी घाट द्वारा अलग होता है।
- **राजधानी:** पणजी
- **आधकिारकि भाषा:** कोंकणी
  - कोंकणी, आठवीं अनुसूची में शामलि 22 भाषाओं में से एक है।
  - इसे वर्ष 1992 के 71वें संशोधन अधनियिम द्वारा मणपिुरी और नेपाली भाषा के साथ आठवीं अनुसूची में जोड़ा गया था।
- **सीमा:** यह उत्तर में महाराष्ट्र, पूर्व और दक्षणि में कर्नाटक से घरिा हुआ है तथा अरब सागर इसके पश्चमिी तट पर है।
- **भूगोल:**
  - गोवा का उच्चतम बदिु सोंसोगोर (Sonsogor) है।
  - गोवा के उत्तर में तेरेखोल नदी बहती है जो गोवा को महाराष्ट्र से अलग करती है, राज्य की अन्य प्रमुख नदयिों में मांडवी, जुआरी, चपोरा, रखोल, गलगबिाग, कुम्बरजुआ नहर, तलपोना और साल आदि शामलि हैं।
  - गोवा की अधकिांश मृदा आवरण लैटेराइट युक्त है।
- **वन्यजीव अभयारण्य और राष्ट्रीय उद्यान:**
  - डॉ. सलीम अली पक्षी अभयारण्य
  - महादेई वन्यजीव अभयारण्य
  - नेत्रावली वन्यजीव अभयारण्य
  - कोटगिाओ वन्यजीव अभयारण्य
  - भगवान महावीर अभयारण्य
  - मोलेम नेशनल पार्क

स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/goa-liberation-struggle